तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 बेमेतरा जिले की समाधान पेटी व ऑनलाइन ...

12 इतिहास बनते जा रहे एजुकेशन हब की बुनियाद ...





## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिजनों से मिले रजक बोर्ड के अध्यक्ष

**साजा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश रजक बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक आज घोटवानी में हुए हत्याकांड में मृतक अशोक निर्मलकर के परिजन पुत्र विजय एवं दीनबंधु तथा भाई यशवंत निर्मल कर से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से समुचित सुरक्षा व सहयोग परिजनों को दिया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग को धन्यवाद भी दिया और बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों को सप्ताह भर के भीतर गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का श्वसन हमें मिला था, जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी बधाई दी तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर पीड़ित परिजनों को समुचित सहयोग प्रदान करने निर्देशित किया। उनके साथ में पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, नगर पंचायत देवकर के अध्यक्ष सुरेश सीहोर, मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, समिति अध्यक्ष लेखरम साहू, पुरण साहू, लाल शौर्य, जीत सिंह आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहत बालिका एवं आरोपी के ग्राम राखी पाटन में होने की सूचना पर पुलिस टीम रवाना कर अपहत बालिका एवं आरोपी तरूण कौशिक पिता स्व. डेमन कौशिक उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम राखी पाटन को बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ पर आरोपी तरूण कौशिक द्वारा पीड़िता को नाबालिक जानते हुए बहला फुसला कर शादी का झांसा देते हुये माता-पिता के वैध संरक्षण से भगा ले जाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करना बताने एवं आरोपी का कृत्य धारा 137(2), 87, 64(2)(एम) बीएनएस, 04, 06 पाक्सो एक्ट का पाये जाने से आरोपी को कोर्ट पेश किया गया।

### राहगीरों को लूटने वाले तीन आरोपी पकड़ाए

**भिलाई।** जामुल पुलिस ने राहगीरों को लूटने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाकर मोटर साइकिल से लौट रहे युवक से लूट की वारदात की थी। आरोपी दिशु जगत पिता संतोष जगत उम्र 19 साल निवासी न्यू खुर्सीपार केनाल रोड उड़िया मोहल्ला थाना खुर्सीपार, हिमांशु सिंह पिता हेमराज सिंह उम्र 20 साल निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे लक्ष्मी पारा जामुल थाना जामुल, जय कुमार साहू उर्फ छोटु उर्फ डी.जे. पिता दुजेराम साहू उम्र 18 साल निवासी वार्ड 03 संतोषी चैक जामुल थाना जामुल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी कुलदीप निषाद निवासी बाजार चैक ग्राम अहेरी थाना नंदिनी नगर का रहने वाला थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 अप्रैल की रात्रि करीबन 12:30 बजे अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी से अपनी मोटर सायकल से घर लौट रहा था।

### खुलासा : साजा क्षेत्र के ग्राम घोटवानी में 6 अप्रैल कुल्हाडी मारकर हत्या की हुई थी घटना

# जमीन व मकान के छज्जा की बात पर 4 वर्ष से चल रहा विवाद, इसी रंजिश में की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/ साजा

साजा क्षेत्र के ग्राम घोटवानी में कुल्हाडी मारकर जघन्य हत्या का फरार आरोपी जीवन वर्मा को पुलिस गिरफ्त में लेने पर कामयाब रही। बीते 6 अप्रैल की सुबह आरोपी ग्राम के ही अशोक निर्मलकर की निर्मम हत्याकांड को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया था। जांच ओर पूछताछ में हत्या की वजह जमीन/ मकान के छज्जा की बात पर से 3-4 वर्ष पूर्व से चल रहा विवाद होना बताया जा रहा है। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने हत्या जैसे कदम उठाया। एसपी रामकृष्ण साहू ने आरोपी को पकड़ने एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी साजा उप निरीक्षक राकेश साहू एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा व थाना और सायबर सेल स्टाफ की विशेष टीम गठित की थी।

उल्लेखनीय है कि 6 अप्रैल की सुबह 6:30 बजे मृतक अशोक निर्मलकर घर से गोबर लेकर सुरजपुरा रोड हमारे घुरवा के पास छेना थापने गया था। मृतक और आरोपी का घर पास एक-दूसरे से लगा हुआ है जिनके बीच जमीन/ मकान के छज्जा की बात पर से 3-4 वर्ष पूर्व से विवाद चल रहा था है इसी रंजिश के वजह से आरोपी जीवन वर्मा, मृतक अशोक निर्मलकर के दाहिने कनपटी के पास लोहे का कुल्हाडी (टगिया) से मारकर गंभीर हत्या कर दिए। आरोपी जीवन वर्मा के विरूद्ध थाना साजा में अपराध सदर धारा 103 (1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी जीवन पिता डेरहा वर्मा उम्र 49 साल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### हत्या के फरार आरोपी पकड़ने में पुलिस टीम को मिली सफलता



### आरोपी को पकड़ने में इनकी रही भूमिका, मिला नगद ईनाम

फरार आरोपी जीवन को पकड़ने में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में थाना खम्हरिया प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, थाना प्रभारी साजा उप निरीक्षक राकेश साहू, सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, रविन्द्र तिवारी, पवन राजपूत, आरक्षक अमित सिंह, अर्जुन ध्रुर्वे, संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, पीलाराम साहू, मोती जायसवाल, सौरभ सिंह एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भुमिका रही। उक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों को नगद राशि के ईनाम दिए जाने की घोषणा की है।

### अश्लील गाली देने पर की हत्या

पुलिस ने बताया कि हत्या के आरोपी जीवन से पुछताछ करने पर पता चला कि उसका और मृतक अशोक निर्मलकर का घर एक दुसरे से लगा हुआ है चार-पांच वर्ष पूर्व मृतक अशोक निर्मलकर से मकान के छज्जा के बात पर लड़ाई झगडा हुआ था ओर यह रंजिश चले आ रही थी। बीते 06 अप्रैल रविवार के सुबह आरोपी जीवन सुबह 06 बजे सुरजपुरा रोड पर घास जमीन पर बाड़ी बनाया है सायकल से उक्त बाड़ी की साफ सफाई ओर कांटा कचरे को जलाने के लिये घर से प्लास्टिक बाटल में पेट्रोल व माचिस साथ टंगिया को पीछे केरियल में दबाकर जा रहा था इसी बीच मृतक अशोक निर्मलकर अपने घुरूवा के पास गोबर से छेना थोप रहा था ओर आरोपी को देखकर अश्लील गाली गलौच कर कहां जा रहे हो तुम नही सुधरोगे बोलकर फब्ती कसने लगा । मृतक के गाली देने पर गुस्से से आरोपी जीवन ने सायकल से उतरकर बाटल में रखे पेट्रोल को अशोक के बनाये छेना व आसपास डालकर आज तुम्हे इसमे जला दूंगा बोलकर माचिस लगा रहा था उसी समय अशोक निर्मलकर ने इसे गोबर से फेंककर मारा और कांटा के झिटिया लकड़ी को लेकर इसे मारने के लिये आया तो वह अपने सायकल के केरियल में दबाये टंगिया को निकालकर पूर्व रंजिश व गुस्से में आकर टंगिया से अशोक निर्मलकर के सिर गर्दन, सीने, दांहिने हाथ के कोहनी में दर्जनों बार मारकर हत्या कर दी।

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी के 6 घरों का चोरों ने तोड़ा ताला तीन से नकद व जेवर पार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

बीजाभाट हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बिती गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने सुने 6 घरों का ताला तोड़ा है।कालोनी में तीन मकान खाली होने की वजह से चोरों के हाथ में कुछ नहीं आया है।

वहीं अन्य तीन घरों में नगद व जेवर चोरी हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर विवेचना किया है। वहीं चोरी गए समानों की सूची के साथ संबधितों को थाना तलब किया गया है। पर देर शाम तक प्रार्थी थाना नहीं पहुंचे थे। थाना प्रभारी दुलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी में अलग - अलग 6 घर का ताला टूटने की जानकारी मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थे। तीन घरों में चोरी होना पाया गया है। चोरों ने राहुल गायकवाड व सुनील गायकवाड एवं शेख मुर्तजा के घर में चोरी किया है। तीनों परिवार बाहर थे जिन्हे वापस आने पर वारदात का पता चला है। आरोपी के द्वारा चोरी करने के बाद कपड़ा व अन्य समान मौके से कुछ दूर पर फेंके गए थे। प्रार्थीयों के द्वारा शाम तक प्रकरण दर्ज नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से चोरी की वास्तिविक स्थिति स्पस्ट नहीं हो पाया है।

### शिवसेना की शोभायात्रा राम मंदिर से होगी प्रारंभ

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी दाऊ राम चौहान ने बताया की रामनवमी शोभायात्रा नगर के राम मंदिर से शनिवार 12 अप्रैल शाम 4:00 बजे झांकी एवं बाजे गाजे के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। उक्त कार्यक्रम में शिवसेना के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला प्रमुख गिरवर रजक व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के शिवसैनीको ने आम जनता से अपील किया कि वे प्रभु श्री रामचंद्र जी के रामनवमी शोभायात्रा में अधिक से अधिक सम्मिलित होकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाए।

# जिले में नशीले पदार्थ का अवैध कारोबार, कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार पर अंकुश लगाने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने स्थानीय नागरिकों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंट कर उन्हें पत्र सौंपा।

इसमें जिले में बढ़ते अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार तथा उसके गिरफ्त में आ रहे युवा पीढ़ी के संबंध में सूचना दी। पत्र में कहा गया है कि बेमेतरा जिले में अवैध नशीलों पदार्थ का कारोबार ग्राम पंचायत तथा शहर के कुछ इलाकों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तस्करी कर बिक्री की जा रही है। इन तस्करों के गिरफ्त में जिले की युवा पीढ़ी निशाना बना रही है। साथ ही साथ पान दुकानों तथा छोटे-छोटे किराना दुकानों में नशे की प्रतिबंधित गोलियां तथा गांजा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। यह गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा के लिए भी एक सवालिया निशान है। पत्र में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि संबंधित दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा जिन दुकानों में या जिन जगहों पर इस तरीके के नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है या नशा कराया जा रहा है उस पर कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे इन अपराधी तत्वों के खिलाफ एक संदेश जाए, अन्यथा बेमेतरा की बहुत बड़ी युवा पीढ़ी को इन नशे की गिरफ्त में आने से रोकना मुश्किल हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक से भेंट करने वाले शिष्ट मंडल में ललित विश्वकर्मा, प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सुमन गोस्वामी, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा जोगिंदर छाबड़ा मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा मनोज शर्मा प्रांजल तिवारी नवीन ताम्रकार दिनेश पटेल, योगिता साहू, अतुल साहू, शुभम गंधर्व सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# एनएचएम को 20 साल पूरे, 15 अप्रैल को बिलासपुर में राज्य स्तरीय महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के 20 वर्ष पूर्ण होने पर 15 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में राज्य स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में होगा। जिसमें प्रदेशभर से हजारों एनएचएम संविदा कर्मचारी के साथ ही जिले भर उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ बेमेतरा जिलाध्यक्ष पूरन दास ने बताया कि सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व स्वास्थ्य एवं वित्त मंत्री अमर अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। बेमेतरा जिलाध्यक्ष पूरन दास ने कहा कि महासम्मेलन में भाग लेने जिले के सभी एनएचएम कर्मी सामूहिक अवकाश लेकर बिलासपुर रवाना होंगे। यह सम्मेलन हमारे अधिकारों के लिए एकजुटता का प्रतीक है। एनएचएम कर्मियों का कहना है कि बीते 20 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनकर कार्य करने के बावजूद उन्हें आज तक नियमितीकरण, ग्रेड-पे, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा अवकाश जैसी सुविधाएं नहीं मिल पाई है। कोरोना महामारी के दौरान कई कर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवाएं दी। फिर भी उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। महासम्मेलन के माध्यम से कर्मचारी सरकार का ध्यान अपनी लंबित मांगों की ओर आकर्षित करेंगे और शीघ्र समाधान की अपेक्षा करेंगे।

- प्रदेश भर के सभी एनएचएम कर्मचारी लेंगे सामूहिक अवकाश


# शीतला माता मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 14 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया

समीपस्थ ग्राम रणवीरपुर में स्थित नवनिर्मित श्री शीतला माता मंदिर में 14 अप्रैल 2025, सोमवार को भव्य मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं मंदिर स्थापना समारोह का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा।

इस धार्मिक आयोजन के तहत प्रातः 10:00 बजे से मूर्ति अभिषेक, शिखर कलश पूजन, वास्तुस्थापन, शिखर स्थापना एवं पूर्णाहुति जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे जिसमें समस्त ग्रामवासी भाग लेंगे। आयोजक ने बताया कि मूर्ति स्थापनाः प्रातः 9:00 बजे से महाआरती एवं भंडारा-प्रसादीः दोपहर 12:00 बजे से साथ ही शाम 7:00 बजे से हाई स्कूल मैदान, रणवीरपुर में आरूग बैण्ड (प्रसिद्ध गायक एवं विधायक अनुज शर्मा ) द्वारा भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न होगा। समारोह की विशेष उपस्थिति में पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी उपस्थित रहेंगी।

इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, रणवीरपुर मंडल द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समस्त ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों से सादर आमंत्रण है किया है कि वे इस पुण्य अवसर के साक्षी बनें और माता की कृपा प्राप्त करें।



# सुशासन तिहार के अंतर्गत मिले 984 आवेदन

हरिभूमि न्यूजःनवागढ़

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनहित में चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ में नागरिकों की सहभागिता उत्साहजनक देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के नाम कुल 984 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) बसंत लोन्हारे ने जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से 929 आवेदन नागरिकों की मांगों से संबंधित हैं। इन मांगों में मुख्यतः आधारभूत सुविधाएं, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और अन्य जनसेवाओं की माँग शामिल है। वहीं, 55 आवेदन शिकायतों से जुड़े हुए हैं, जिनमें नागरिकों ने सेवाओं में लापरवाही, कर्मचारियों के अनुचित व्यवहार तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं की जानकारी दी है।




### परिजन ने बैज से की सीबीआई जांच की मांग

**दुर्ग।** उरला वार्ड में रामनवमी के दिन छः साल की बच्ची से हुई बर्बरता के बाद मौत मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होने परिजनों के घर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों ने बैज से मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं परिजनों ने पुलिस की बर्बरता को लेकर भी सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष बैज गुरूवार को दुर्ग पहुंचे थे। उन्होंने मीडिया से चर्चा में बताया कि, परिजन पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नही हैं। उन्होने कहा कि पुलिस ने परिवार के आठ साल की नाबालिग को ढाई बजे रात उठा ले गई।

### सौहार्दपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई

# लोक अदालत के आयोजन के संबंध में बैठक कर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

आगामी 10 मई को नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता व वरिष्ठ न्यायाधीश निधि शर्मा की मौजूदगी पर न्यायिक अधिकारीगण मोहित सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, दिनेश चन्द्र धुर्वे जेल अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में बैठक किया गया।

बैठक में शामिल अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित करने व पूर्ण प्रयास कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के लिए निर्देश दिया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउंस के मामले, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण पोषण के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल विवाद, विद्युत, जलकर व सम्पत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकवरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित पक्षकारगण के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए न्यायाधीशगण द्वारा प्रकरणों में पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सिटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किये जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने का निर्देश भी किया गया।

इस दौरान प्रधान न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को भी निर्देश दिया कि वें जेल में निरुद्ध बंदियों के प्रकरणों में भी राजीनामा का प्रयास करें। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए राजीनामा हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों को नियत किया जावे। अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहार्दपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई।



# महावीर जयंती पर जैनश्री संघ ने उत्कृष्ट सेवा के लिए सदस्यों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/परपोड़ी

नगर जैन समाज ने महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई और सेव बूंदी वितरित की गई। इस दौरान परपोड़ी श्रीसंघ के अतिरिक्त, साजा, देवकर, बीजा आदि से भी जैन समाज के लोग उपस्थित हुए।

जैन श्री संघ ने सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें साजा विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन को शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के लिए तथा उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए मोतियों की माला एवं प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संघ में उत्कृष्ट सेवा हेतु नथमल कोठारी, अशोक करण मारोठी, डॉ. दीक्षा जैन, डॉ. मुस्कान लोढ़ा एवं सीए ख़ुशी लोढ़ा को भी सम्मानित किया गया। शिक्षिका वर्तमान में सुसाइड फ्री यूनिवर्स के लिए छत्तीसगढ़ की प्रभारी है तथा विगत तीन वर्षों में लगभग ढाई हज़ार लोगों को संकल्प करा चुकी हैं। इसके साथ ही वो एक दिव्यांग बच्चे की मां भी है। उसके आने के बाद ही उन्होंने दिव्यांगता जागरूकता अभियान शुरू किया तथा अभी तक पूरे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जगहों से बाइस दिव्यांग बच्चों के पालकों का उचित मार्गदर्शन कर चुकी हैं। इस अवसर पर जैनश्री संघ परपोड़ी के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, नवकार महिला मण्डल, बालिका मंडल एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।



# अदम्य साहस और सेवा की अनूठी मिसाल है बीएसपी का जंबो दमकल बेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

## बीएसपी सहित जिले में भी अग्नि दुर्घटनाओं की हो रही रोकथाम, 50 साल का कामयाबी भरा सफर

विश्व अग्निशमन सेवा दिवस

भिलाई इस्पात संयंत्र की जंबो फायर ब्रिगेड सेवा तत्परता, साहस और संकट मोचन की अनूठी मिसाल है। मध्य भारत का यह सबसे बड़ा और अत्याधुनिक अग्निशमन सेवा केन्द्र वर्षों से न सिर्फ बीएसपी की अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम बल्कि अंचल में भी आगजनी की घटनाओं को नियंत्रित करने में महती भूमिका निभा रहा है। पिछले पचास साल के दौरान सैकड़ों अग्नि हादसों के साथ कई लोगों की जान की रक्षा करने में कामयाबी मिली है। एक फायरफाइटर केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं होता। उन्हें अपनी जान की परवाह किए बिना, हर तरह की आपातकालीन स्थिति में अपनी क्षमता और सूझबूझ का प्रदर्शन करना होता है। बीएसपी की फायर ब्रिगेड की टीम भी इसी प्रकार के साहसिक कार्यों में निपुण है। यह फायर ब्रिगेड पूरे भारत में अपनी बहादुरी, कुशलता के लिए जानी जाता है। मेगा दमकल विभाग की कार्यप्रणाली सुनियोजित और चार मुख्य विंग्स में विभाजित है। ट्रेनिंग, प्रिवेंशन, मेंटेनेंस और ऑपरेशन विंग्स। ट्रेनिंग विंग युवाओं को केवल उपकरणों के प्रयोग का अभ्यास नहीं कराता, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बना कर इस कठिन सेवा के लिए उन्हें तैयार करता है। यह प्रशिक्षण संयंत्र के बाहर भी संचारित किया जाता है, जिनमें स्कूल, अस्पताल, पुलिस विभाग और अन्य सामुदायिक संस्थान तक शामिल हैं। प्रिवेंशन विंग का कार्य संयंत्र के भीतर संभावित अग्नि-जोखिम वाले क्षेत्रों की समय रहते पहचान करना और वहां उचित अग्निशमन उपाय सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से तेल के सेलर, क्रेन, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप जैसी जगहें, जो अग्नि के प्रति अधिक संवेदनशील और जोखिमपूर्ण इलाके हैं, जहाँ आग लगने का खतरा अधिक रहता है। संयंत्र में लगे 16,200 से अधिक फायर एक्सटिंग्विशर्स का हर चार माह में परीक्षण किया जाता है।

### कई बड़े अग्नि हादसे टाले

दमकल बेड़े की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाता है ऑपरेशन विंग, जिसके कंधों पर अग्निकांड से लेकर रेस्क्यू, गैस ब्लैंकिंग से लेकर डिब्लैंकिंग, वीआईपी ड्यूटी से लेकर मॉक ड्रिल तक की समस्त जिम्मेदारियाँ होती हैं। फायर कॉल मिलते ही मात्र 30 सेकंड में घटनास्थल की ओर तत्परता से रवाना हो जाता है। रायपुर के गुढ़ियारी स्थित ट्रांसफॉर्मर यार्ड में घटी आग की वह बड़ी घटना है, जहां संयंत्र से बाहर निकलकर इस फायर ब्रिगेड ने आठ घंटे तक निरंतर कार्य करते बड़ी हादसे को टाल दिया। दमकल विभाग बेड़े ने प्लांट के अंदर हुए कई बड़े हादसों सहित सालभर पूर्व हुडको श्रमिक बस्ती और कैंप एक फलमंडी में लगी भीषण आग को बुझाने में अहम भूमिका निभाई।



### जिले के पैरावटों का है सुरक्षाकवच

बीएसपी का दमकल बेड़ा जिले के ग्राम्यांचल के पैरावटों में लगने वाली भंयकर आग का भी सुरक्षा कवच बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक हर साल गांवों के खलिहानों के पैरावटों में आग लगने की करीबन ढाई सौ गटनाएं होती हैं। आग बुझाने के लिए जिला प्रशासन बीएसपी के फायर ब्रिगेट वाहनों पर निर्भर है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पैरावट को आग से बचाने जागरुकता की जरुरत है। इस समय, जब औद्योगिक सुरक्षा की परिकल्पनाएं बदल रही हैं और संकट प्रबंधन को केवल उपकरणों की दृष्टि से नहीं, बल्कि समग्र रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, तब बीएसपी की फायर ब्रिगेड एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत करती है, जिसकी पुनरावृत्ति देश के अन्य औद्योगिक संस्थानों में की जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में भिलाई क्षेत्र के 10 जगहों में शिविर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। नगर निगम भिलाई के 10 जगहों पर सुशासन शिविर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगाए जायेगे। मुख्य मुख्य कार्यालय सुपेला में हेल्प डेस्क के पास इसके साथ ही जोन-01 नेहरू नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी, जोन-02 वैशालीनगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब के पास, जोन-03 मदर टेरेसा नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा बैकुण्ठधाम एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास, जोन-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 40 सामुदायिक भवन, जोन-05 सेक्टर 06 । सुशासन तिहार का उददेश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्व निराकरण किया जाना है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करना एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करना है, सुशासन तिहार तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक नागरिको की समस्या से संबंधित आवेदन लिया जाएगा। दुसरे चरण में 1 माह के भीतर दिये गये समस्याओं का निराकरण किया जाएगा एवं तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किए है। कि सुशासन तिहार पर सभी जोन कार्यालय में नागरिको से आवेदन लिया जाना है। नागरिक अपना आवेदन कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन आनलाईन भी कर सकते है। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

### ट्रैफिक से दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** नेहरू नगर, स्मृति नगर चौक पर बढ़ते ट्रैफिक की समस्या के कारण जाम के हालात के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। सुबह और शाम को चौक के दोनों तरफ दूर तक ट्रैफिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस व्यस्ततम मार्ग पर नेहरू नगर, स्मृति नगर, जुनवानी और कोहका के सैकड़ों वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। खासकर ड्यूटी और स्कूल, कॉलेज के समय ट्रैफिक की समस्या अधिक होती है। इस दौरान दोपहिया वाहन आपस में टकराने के आसार बने रहते हैं, इससे विवाद की स्थिति उत्पन्न होते रहती है।

### भाजपा स्थापना दिवस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** सक्रिय सदस्य सम्मेलन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कौशिक, प्रीतपाल बेलचंदन, लिलेश्वर देशमुख, हेमन्त सिन्हा, अनुपात साहू, राजू जंघेल, शीतल ठाकुर मंडल अध्यक्ष, आशीष निमचे, गायत्री वर्मा, दिनेश देवांगन, मनोज साहू, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, माया बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का कार्यक्रम में जनपद जिला पंचायत के पदाधिकारी रहे। विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी बनकर उभरी है।

## टाउनशिप के धीरे-धीरे बंद हो रहे हिंदी-अंग्रेजी स्कूल

# इतिहास बनते जा रहे एजुकेशन हब की बुनियाद रखने वाले बीएसपी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर में एजूकेशन हब की बुनियाद के रुप में जाने जाने वाले टाउनशिप के बीएसपी स्कूल धीरे धीरे अब इतिहास बनते जा रहे हैं। एक एक कर स्कूल बंद हो रहे हैं। इसका खामियाजा बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को बाहर महंगी शिक्षा के रुप में भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दशकों के दौरान 80 से अधिक बीएसपी हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूलों को बंद किया जा चुका है।

सेल का फौलाद पर फोकस और निजी स्कूलों की दोहरी मार टाउनशिप के बीएसपी स्कूलों पर भारी पड़ रही है। एक ओर तो शहर में निजी और पब्लिक स्कूल बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बीएसपी द्वारा संचालित स्कूल बंद होते जा रहे हैं। इसके चलते बीएसपी कर्मियों और टाउनशिप में रहने वाले गैर बीएसपी कर्मियों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों का रुख करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर साल एक दो स्कूलों को वाइंडअप किया जा रहा है। पिछले सत्र में हिंदी मीडियम मिडिल स्कूल को बंद कर दिया गया। इसके पूर्व सेक्टर 8 स्कूल को बंद किया गया था। पिछले दो दशकों के दौरान 80 हिंदी और अंग्रेजी मीडियम प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल बंद हो चुके हैं। वर्तमान में मात्र 11 स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। गौरतलब हो कि साठ के दशक में बीएसपी की स्थापना व टाउनशिप के विकास के साथ ही कर्मियों को बच्चों के लिए भिलाई महिला समाज द्वारा स्कूलों के संचालन की शुरुआत हुई। बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा 90 के दशक तक 109 हिंदी व इंगलिश मीडियम स्कूलों की संचालन किया जा रहा था। पालकों व बच्चों ने बताया कि बीएसपी स्कूल बंद होने के कारण महंगी फीस पर प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- सौ स्कूलों में वर्तमान में मात्र 11 स्कूल संचालित
- बच्चे महंगे निजी स्कूलों में जाने मजबूर
- महंगी फीस पर प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा

**पिछले बीस साल में 80 स्कूल वाइंडअप**



### दोहरी मार पड़ रही

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से सेल की बदली हुई पालिसी और फौलाद निर्माण पर ही फोकस करने की नीति के चलते शिक्षा और चिकित्सा आदि सेवाओं से धीरे धीरे हाथ खींचा जा रहा है। फिर इस बीच शहर में पचासों प्राईवेट स्कूल खुल गए हैं। स्कूल महंगे हैं। इसके चलते टाउनशिप के बीएसपी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। बंद स्कूलों के बच्चों को दूसरे बीएसपी स्कूल में स्थानांतरित किया जा रहा है। पहले बीएसपी स्कूलों में शिक्षा भी गुणवत्तायुक्त थी और फीस भी नगण्य थी। बीएसपी स्कूलों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा और विभाग की सक्रियता के चलते बीएसपी स्कूलों से पढ़कर निकले सैकड़ों बच्चे देश दुनिया में शहर का नाम रौशन कर रहे हैं। स्कूलों को भिलाई को एजूकेशन हब बनाने में अहम योगदान रहा है।

### हर सेक्टर में बंद हो रहे स्कूल

अब तक 83 बीएसपी स्कूल बंद किए जा चुके हैं। इनमें सेक्टर 1 हिंदी मीडियम हाई स्कूल, से. 2 हायर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल, एनसीईआरटी स्कूल, से. 3 स्कूल,से. 4 अंग्रेजी व हिंदी मीडियम स्कूल, से. 5 हायर सेकंडरी गर्ल्स व मिडिल स्कूल, से. 6 हिंदी हायर सेकंडरी पानी टंकी, उच्चतर स्कूल ए मार्केट, एमजीएम के सामने प्रायमरी स्कूल बंद हो चुके हैं। इसके अलावा से. 7 ईएमएमएस, हाई स्कूल, मार्केट के पास प्रायमरी स्कूल, सेक्टर 9 हिंदी हायर सेकंडरी स्कूल, से. 10 ईएमएमएस स्कूल, मड़ौदा व रिसाली सेक्टर के 4 हिंदी व अंग्रेजी स्कूल व खुर्सीपार के तीन स्कूलों सहित अधिकतर स्कूलों को बंद किया जा चुका है, वर्तमान में सिर्फ 11 बीएसपी स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों को फिर से अपडेट किये जाने की मांग की है।

# मकान के गोदाम से मिला 40 किलो गांजा, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



पुलिस ने एक मकान के गोदाम से 40 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पकड़े गए गांजा की कीमत लगभग 4 लाख रुपए का बताया जाता है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अंजोरा चौकी पुलिस और एसीसीयू ने मिलकर महमरा आउटर कॉलोनी में बड़ी मात्रा में गांजा डंप किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम ने दबिश दी और मकान से 40 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताया जाता है।

### एक युवक गिरफ्त में

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया मकान में गोदाम बनाकर रखा था गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसका नाम गोपी कुमार है। पंजाब से आकर वह तीन महीने से किराए पर रहता है। मालकिन कृष्णा देवी चौधरी और उसकी बेटी सुनीता चौधरी और बेटा आयुष मिलकर गांजा बिक्री करने की सूचना पर अंजोरा पुलिस द्वारा दबिश दी गई। आरोपित घर में गोपी कुमार जो सुनीता का प्रेमी है मिला जिससे पूछताछ में कृष्णा देवी चौधरी द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर खुर्सीपार में मिलकर बेचना बताया। गोपी द्वारा कृष्णा देवी और उसकी बेटी सुनीता और आयुष को लुधियाना में होना बताया है । आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की विधिवत कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों ने मकान में एक गोदाम बनाया है। जहां बड़ी मात्रा में गांजा डंप करके रखते थे।

### अपराध के विरोध में महिलाओं ने निकाली आक्रोश रैली



भिलाई। दुर्ग में 6 साल की बच्ची के साथ हुए अपराध के विरोध में अपराधी को फांसी देने के लिए कविता पब्लिक वेयरफेयर फाउंडेशन की महिलाओं द्वारा श्रीराम चौक से खुर्सीपार गेट तक आक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली में कविता रंगारे, उषा देवी, परमिला मानिकपुरी, साधना शर्मा, पिंकी सिन्हा, लक्ष्मी साहू, शशिकला शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर न्याय की गुहार प्रशासन से की।

## से.6 आंबेडकर भवन को कब्जामुक्त कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- एससी/एसटी एसोसिएशन ने की प्रबंधन से मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बीएसपी के लाइजन आफिसर रोहित हरित को ज्ञापन सौंपकर एसोसिएशन के सेक्टर 6 आंबेडकर भवन से एक हफ्ते के अंदर कब्जा हटाने की मांग की है। सालभर बाद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा कब्जा नही हटाने के कारण 14 अप्रेल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डां. आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम आयोजित करने में असुविधा हो रही है। कोमल प्रसाद ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फेडरेशन और आईआर विभाग की हुई बैठक में बताया गया कि पिछली बार एसोसिएशन व आइआर विभाग के साथ हुई बैठक में समाज प्रमुखों की ओर से कहा गया था कि एसोसिएशन को पंजीयक एवं प्रबंधन से मान्यता है तो फिर प्रबंधन अवैध कब्जे को क्यों खाली नहीं करवा रहा है। सालभर बाद फिर बाबा साहेब की जयंती मनाने का समय आ गया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू में खाली पड़ी जमीन में डॉ. आम्बेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय निर्माण करने दो जगहों का अध्ययन कर रिपोर्ट लाइजन अधिकारी को सौंप दिया गया है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के साल भर बाद भी भूमिपूजन नही हुआ है। प्रबंधन से आंबेडकर भवन व कार्यालय से कब्जा हटाने की मांग प्रबंधन से की है। बैठक में अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवशी, शशांक प्रसाद, महासचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, जोनल सचिव संतज्ञानेश्वर गायकवाड़, कालीदास बघेल, संजय कुमार, उत्तम मंडावी, कुंज लाल ठाकुर, यशवंत नेताम, उप कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र, एमएम राय, जितेन्द्र कुमार भारती उपस्थित थे।

### एकीकृत बाल विकास, सुपोषण चौपाल से किया जागरुक

**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे पोषण पखवाड़े के तहत गुरुवार को तीसरे दिन एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन मापन किया गया। उन्हें वज़न अनुसार विभिन्न श्रेणी यानी सामान्य सैम मेम में चिन्हांकित किया गया । आंगनवाड़ी केन्द्रों मे पालक बैठक आयोजित कर जीवन के सुनहरे 1 हजार दिवस पर चर्चा कर उसके महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलेट्स एवं पोषण आहार विविधता की उपयोगिता बतायी गयी। कुपोषण मुक्ति जनजागरूकता बढ़ा कर पोषण के आयामों को जनांदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।सेक्टर कैंप में पोषण पखवाड़ा के तहत सुपोषण चौपाल मनाया गया । इसमें गोद भराई और अन्यप्रसन्न कराया गया और गर्भवती माता के स्वास्थ्य के बारे में और 0 से 6 वर्ष के बच्चों के उचित एवं सुरक्षित पोषण के बारे में जानकारी दी गई।



# मेरी छवि खराब करने वालों के खिलाफ अदालत जाएंगे: बिसाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- पत्रकारवार्ता में विवाद पर बोले

हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम को अपना बताकर जबरिया विवाद किया गया। दुर्भावना से मेरी और मेरे समाज की छवि खराब करने वालों के खिलाफ अदालत की मदद लेंगे। उक्त बातें नारी शक्ति बेंथो उड़िया समाज के निरंजन बिसाई ने आज पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि 6 अप्रेल को श्री माँ सिन्धू पटरानी पूजा महोत्सव का आयोजन जवाहर नगर में हमारे द्वारा किया गया था, लेकिन कुछ लोगों ने जबरन इसे अपना कार्यक्रम बताकर अपनी समिति के नाम के फलेक्स को हमारे टेंट मे लगाने लगे। विरोध करने पर जुदिस्टि बिसाई उर्फ़ राजू बिसाई और उसके बच्चे के साथ सीमाद्री बिसाई, निरंजन दलाई, जगबंधु साहू,निरंजन साहू ने मारपीट किया । मामले में महिलाओं द्वारा द्वारा वैशाली नगर थाने में एफआईआर कराया गया। इन लोगों के द्वारा हमारे नारी शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को अपना बताकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

निरंजन बिसाई ने बताया कि जब से मुझे विधायक प्रतिनिधि बनाने के बाद से इस कार्यक्रम में विवाद कर मुझे और मेरी राजनीति को खराब करने के लिए कोशिश कर रहे थे। निरंजन बिसाई ने बताया कि एम राजेश्वरी के मकान को मेरे दवारा कब्ज़ा करना बताया जा रहा है जबकि उसके दवारा पैसा लेकर उक्त मकान को अनुबंध कर नोटरी करवाया गया हैं और मुझे सौपा गया है, और वह लोग राउरकेला अपने गांव चले गए थे, अब आकर वह फिर उस मकान पर अपना दावा कर रहे हैं,जबकि उस मकान के बदले 14 लाख रूपये लेन देन किया गया हैं,उस महिला और उनके दोनों बेटों द्वारा मुझे झूठे मामले मे फसाने और बदनाम करने की कोशिश लगातार की जा रही है । मकान कब्ज़ा का आरोप भी झूठा हैं । मैं भी उसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगा।

## ठेका मजदूरों का नौ रुपए रोजाना वृद्धि

- हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन ने कहा सर्कुलर के अनुसार मिले वेतन

**भिलाई।** एक अप्रेल से राज्य सरकार द्वारा नई वेतन दर लागू कर दी गई है। नई दर के अनुसार मजदूरों के वेतन में रोजाना नौ रुपए यानी 270 रुपए मासिक वृद्धि की गई है। इसके तहत भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भी सभी नियोक्ताओं परिपत्र जारी कर अपने सभी श्रमिकों को नई प्रभावी दैनिक मजदूरी भुगतान के करने कहा है। ठेका श्रमिक यूनियन प्रबंधन इस सर्कुलर को सख्ती से लागू करने की मांग की है। हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन ( हिट्सू) के महासचिव योगेश सोनी ने बताया कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रमायुक्त एवं सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से वर्ष मे 2 बार जारी किया जाता है। !इसी संदर्भ में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने नई प्रभावी दैनिक मजदूरी पर 2 अप्रेल को परिपत्र जारी कर तमाम ठेकेदार और सभी प्रमुख नियोक्ता और ठेका प्रचालन अधिकारी को परिपत्र वितरण कर सूचित किया गया है। श्रमिकों के लिए नई वेतन दर 1 अप्रेल से प्रभावी है ।

### कटौती के बाद इतना मिलेगा वेतन

यूनियन ने श्रमिकों को 1 अप्रेल से राज्य सरकार की न्यूनतम तय दैनिक मजदूरी के साथ बीएसपी द्वारा दी जा रही एडब्ल्यूए (एडिशनल वेलफेयर एलाउन्स।) की राशि की गणना और पीएफ ईएसआई की कटौती के बाद सभी श्रेणी के श्रमिकों को मिलने वाले वास्तविक वेतन की जानकारी दी है। सभी कटौती के बाद ठेका श्रमिकों के खाते मे माह मे 26 हाजरी ड्यूटी करने पर इस प्रकार वेतन राशि मिलेगी। अर्धकुशल को 13426 रूपये प्रतिमाह, अर्धकुशल ( एसएसडब्ल्यू)- 13993 रु.,कुशल मजदूर को 14674, अतिकुशल -15354 रु. वेतन मिलेगा। इसके अलावा 14 तारीख को आंबेडकर जयंती होने के कारण बीएसपी प्रबंधन ने बंद छुट्टी पर परिपत्र जारी किया है ।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का करेंगे चयन

# अंडर-20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ (सीएफए) के सहयोग से नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में 27 मई तक आश्रम के खेल परिसर में स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुरु हो गई है। प्रथम चरण में खेलने वाले 7 टीमों (आन्ध्र प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, दादरा नगर हवेली, चंडीगढ़, तेलंगाना और पांडिचेरी के सहभागिकता वाली इस चैम्पियनशिप का शुभारम्भ बीएसपी के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। अध्यक्षता बेलुड़ मठ के स्वामी पूर्णानन्द ने किया। विशिष्ट अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता, सीजीएम अरुण कुमार, जीएम अनुपम बिष्ट, डीजीएम सहीराम जाखड़, वरिष्ठ प्रबंधक व मनीष शुक्ला सहित भिलाई इस्पात संयंत्र, दल्ली राजहरा, रावघाट खदान समूह के अधिकारी उपस्थित थे। छग फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक महासचिव मोहनलाल, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक उसेण्डी व सचिव अजित मेनन भी मौजूद थे।

### तैलंगाना व उत्तराखंड का मैच ड्रा

पहला मैच तेलंगाना और उत्तराखंड के बीच हुआ उद्घाटन मैच बराबर रहा। दूसरा मुकाबला चंडीगढ़ और पांडिचेरी के बीच खेला गया।इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारत के अंडर-23 टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से नियुक्त अधिकारीगण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन करेंगे। समारोह में अभा फुटबॉल महासंघ से विनोद, दिनेश नायर, संदीप नन्द आदि उपस्थित थे। चैंपियनशिप में कुल 28 राज्य व 7 केंद्रशासित प्रदेशों सहित एसएआई साईं की कुल 36 टीम भाग लें रही है।

### भक्त माता कर्मा जयंती व सम्मान समारोह

**भिलाई।** भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती समारोह तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम ग्राम धौराभाठा के परिक्षेत्र ग्राम दारगांव में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, अतिविशिष्ट विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, जागेश्वर साहू पूर्व मंत्री, दीपेश साहू विधायक, स्वेता अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा, अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग ने किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने भक्त माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। समाज के द्वारा शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। लोक कला धरोहर का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व सांसद विजय बघेल ने समाज प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### आम्बेडकर जयंती पर होंगे आयोजन

**दुर्ग।** शहर में बौद्ध एवं आम्बेडकर अनुयायी सभी संगठनो द्वारा 14 अप्रैल 2025 को बौधीसत्व विश्वरत्न डॉ. बी.आर. आम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती बड़े हर्षोलास से हिन्दी भवन के सामने झाडूराम देवांगन गवर्नमेंट स्कूल के मैदान में सार्वजनिक जयंती समारोह समिति दुर्ग द्वारा आयोजित की गई है। जयंती कार्यक्रम में गोंडवाना समाज, कुर्मी समाज, सतनामी समाज, साहू समाज, देवांगन समाज, संत रविदास समाज, वाल्मिकी समाज, घासी घसीया समाज आदि समाजों द्वारा अपनी सहभागीता दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयंती कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9:00 बजे से डॉ.बी.आर.आम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल कलेक्टर परिसर दुर्ग में मानवंदना से की जायेगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे से अनुराग धारा (कविता वासनिक) राजनांदगांव की प्रस्तुती होगी। 6 बजे से बच्चों द्वारा डॉ.बी. आर. आम्बेडकर जी के जीवनी पर उद्बोधन करेंगे। शाम 7 बजे से अतिथि के स्वागत एवं उद्बोधन पश्चात वक्ता डॉ. सुरेश माने प्रोफेसर मुंबई यूनिवर्सिटी एवं उषा बौद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय परिवारीक धम्म संगोष्ठी का डॉबीआर आम्बेडकर के जीवनी एवं भारतीय संविधान आदि विषयों पर उद्बोधन होगा। रात्रि 10 बजे से जाधव सिस्टर्स मुंबई द्वारा कव्वाली, प्रबोधन का कार्यकम आयोजित किया गया है। आयोजन समिति द्वारा सभी को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### भूमि उपलब्ध कराने डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने शासन से की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के प्रथम चरण के तीसरे दिन सोशल एवं एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर मांग की है, कि दुर्ग जिला वन विहीन जिला माना जाता है। दुर्ग का तापमान भी हर वर्ष निरंतर बढ़ रहा है। अनेक बार पूरे प्रदेश में सर्वाधिक तापमान वाले नंबर वन शहर के रूप में भी संज्ञान में आया है। तापमान को कम करने के लिए जगह जगह छोटे छोटे वन लगाने की आवश्यकता है। जिस तरह तालपुरी में ₹ नगर वन ₹ बनाया गया है, उसी तर्ज पर अनेक वन लगाने की आोवश्यकता है। समसामयिक अवसरों पर मैने इस संबंध में पत्राचार भी किए हैं। लेकिन पता चला कि वन विभाग के पास अथवा नगर पालिक निगम के पास जमीन उपलब्ध नहीं है। आखिर वन कैसे लगेंगे।

### वैदिक हवन में दी आहूति चंदन तिलक लगाकर किया छात्रों का स्वागत

**भिलाई।** महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय सेक्टर 6 में नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ वैदिक हवन से हुआ। आचार्य अंकित शास्त्री द्वारा हवन संपन्न कराया गया। हवन के बाद शिक्षा समिति के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैदिक भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ हमारी संस्कृति और संस्कार अत्यंत आवश्यक है।

# जिले के नौ गांव में बनेंगे सवा दो करोड़ की लागत से महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के नौ ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनाया जाएगा। इसके लिए आरईएस विभाग ने राज्य शासन को सवा दो करोड रूपए का प्रस्ताव भेजा है। विभाग ने बकायदा टेंडर भी करा लिया है। जिसके बाद गांव में निर्माण कार्य भी शुरू हो गया हैं।

अलग खबर

जानकारी अनुसार महिला सशक्तीकरण को बढावा देने के लिए नौ ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। दुर्ग में निकुम, अंडा, नगपुरा व धमधा में मुरमुंदा, मेडेसरा, दनिया, अछोटी, देवरी और माटरा शामिल हैं। सभी ग्राम पंचायत में 24 लाख 70 हजार की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। आरईएस विभाग द्वारा सभी नौ गांव में निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। वर्क आर्डर जारी होने के बाद ठेकेदारो ने निर्माण शुरू कर दिया है। लेकिन स्वीकृत राशि का आबंटन नही होने से समस्या खडी हो गई है। अफसरों ने बताया कि, आने वाले दिनों में राज्य शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन खोलने की प्लानिंग है। उल्लेखनीय है कि, पिछले दिनों पंचायत मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ने प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन खोलने की घोषणा की थी।

## टेंडर के बाद प्रक्रिया शुरू, छह माह में पूरा करना है निर्माण

### रोजगार का बनेगा केन्द्र

महतारी सदन का उपयोग महिलाओं को रोजगार देने के लिए उपयोग किया जाएगा। महतारी सदन सामूहिक कार्यक्रमों में भागीदारी और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में बनाए जाने वाले एक नए भवन का नाम है, जिसकी योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू हुई है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना हैं। इसके जरिए सामुदायिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना मुख्य उछेश्य हैं।




### डेढ करोड़ रूपए जतन योजना के अटके

तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा जिले में स्कूलों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना की शुरूआत की थी। इस दौरान बडी संख्या में स्कूलों की मरम्मत भी की गई थी। आरईएस विभाग के अफसरों का कहना हैं कि, वर्तमान में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन ठेकेदारों को डेढ करोड रूपए की राशि बकाया है। ठेकेदारों ने बिल भी लगा दिया हैं। लेकिन भुगतान नही हुआ है।

### टेंडर किया

जिले के नौ ग्राम पंचायत में महतारी सदन खुलना है। इसके लिए कार्य शुरू कर दिया गया हैं।

**-जितेन्द्र मेश्राम,** ईई आरईएस विभाग दुर्ग

## पुनर्गठन से प्रभावित होगी जिले की 93 सोसाटियां, नई समिति बनेगी

# तीन जिले में 93 नई सोसायटियां पांच सौ किसानों का बनेगा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

*छग के सहकारिता विभाग द्वारा प्राथमिक सोसायटियों को पुनर्गठन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उछेश्य गांव में आसानी से किसानों तक सहकारिता की सुविधा पहुंचाना है। इस नए फैसले की माने तो पहले जहां 750 से एक हजार तक सदस्य होने पर समितियां बनती थी। लेकिन अब पांच सौ सदस्य होने पर भी समितियां का बैंक तैयार हो सकेगा। इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी।*

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक दुर्ग के अधीन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले की 311 समितियां संचालित हैं। पुनर्गठन के बाद अब यह संख्या बढकर 404 हो जाएगी। राज्य शासन द्वारा पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी गई हे। जिसके बाद मुख्यालय में समितियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। जल्द ही पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुर्ग में जहां 31 बेमेतरा में 38 और बालोद में 24 नई सोसायटी अस्तित्व में आ जाएगी। बहरहाल एक समिति में कम से कम पांच सौ व अधिकतम 750 सदस्य संख्या के प्रावधान किए गए है। पूर्व में 750 से 1000 तक सदस्य होने पर ही समिति गठित किए जाने का प्रावधान था। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले वर्ष 2020 में कांग्रेस की सत्ता में भी पुनर्गठन किए जा चुके हैं। उस दौरान भी तीनों जिले में सौ से अधिक समितियां नई अस्तित्व में आई थी।

### तीनों जिले में अब होंगे 404 सोसायटी, किसानों को मिलेगी सुविधा



### एक गांव में एक सोसायटी, राशन दुकान भी चलेगी

जानकारी अनुसार केन्द्रिय सहकारिता मंत्री अमीत शाह पैक्स को लेकर बडी प्लानिंग कर रहे है। आगामी दिनों केन्द्र सरकार की योजना है कि, एक ग्राम पंचायत में एक समिति होगी। जिसके जरिए गांव में रोजगार की उपलब्धता हो सके। बहरहाल समितियों में सीएससी सेंटर चल रही है। वही केन्द्र की निगरानी में किसानों से समिति में बीज खरीदने की भी योजना हैं। वहीं पीडीएस का संचालन भी सोसायटी करेगी। सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, पीडीएस के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया गया हैं। सोसायटी के विस्तार से किसानों को धान बेचने लंबी दूरी का इंतजार नही करना पडेगा।

### बालोद में 24 नई सोसायटी बनेंगी

जानकारी अनुसार बालोद जिले के सांकरा ज सोसायटी से अलग होकर द नवांगाव समिति बनेगी, वहीं लाटाबोड से अलग होकर खपरी, करहीभदर से लिमोरा, मिर्रीटोला से चंदनबिरही, पलारी से सनौद, फागुनदाह से पंडरवानी, डौंडी से बम्हनी, भर्रीटोला से ठेमाबुजुर्ग, कोटागांव से सुरडोंगर, कुसुमकसा से भर्रीटोला, साल्हे से चिखली, गुजरा से खलारी, चिखलाकसा से बिटाल, गैंजी से झरनटोला, रेंगाडबरी से नंगुटोला, अछोली से परसाडीह, सुरेगांव से भुरकाभाट, कुरदी से डुंडेरा, पिरीद से कमरौद, गब्दी से माहुद अ, पिनकापार से सरेखा, सिर्री से तिलोदा और भंवरमरा से खोलझर है। वहीं दुर्ग जिले में कोडिया से अलग होकर धनोरा नई समिति व इसी तरह से नगपुरा से दमोदा, रसमडा से गिनयारी, कोतरो, दनिया, पथरिया, पुरदा, अरसी, करेली, पेंड्री, दारगांव, नंदवाय, नंदनी खुंदनी, सेमरिया, खजरी, मेडेसरा, सुरडुंग, मलपुरीकला, हिरेतरा, भाठाकोकडी, सिल्ली, जरवाय, सिकोला, उरला, महकाखुर्द, असोगा, खोला, अरमरीखुर्द, ढौर, अरसनारा, धौराभाठा नई सोसायटी शामिल है।

### बेमेतरा में बनेंगे तीन दर्जन नई समिति

जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले में 36 नई सोसायटी बनेगी। जिसमें कन्हेरा से अलग होकर ओडिया, केहका से बीजागोड, साजा से परसबोड, परपोडी से भटगांव और चेचानमेटा से जानो, गाडाडीह से लुक, कोंगियाकला से मासुलगोंदी, खम्हरिया से नवागांवकला, पदुमतरा से कंदई, तेंदुआ, केशडबरी, हरदी, सांकरा, कुम्ही, लावातरा, भांठासोरही, आन्दु, परपोडा, बसनी, गांगपुर, खैरझिटी, बिटकुली, लालपुर, जांता, बटार, पडकीडीह, करचुवा, मजगांव, जंगलपुर, गनिया, चक्रवाय, मेहना, कुंवा, चिचोली, एरमशाही, गनियारी, तेंदुआ, झिलका नई सोसायटी बनेगी।

### चल रही तैयारी

"तीनों जिले में 93 नई सोसायटियां पुनर्गठन के तहत बनाई जाएगी। अधिसूचना जारी होने के बाद प्रकिया चल रही हैं।

**एसके जोशी,** सीईओ

## कर्मा जयंती व सम्मान समारोह

# धमधा में साहू समाज भवन के लिए 25 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के धमधा तहसील के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में आज 1009वीं कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तहसील साहू संघ धमधा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर तहसील मुख्यालय धमधा में साहू समाज भवन के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। समारोह को पूर्व गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, प्रदेश तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, हस्त शिल्प कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक साहू और साहू समाज दुर्ग के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ग्राम के पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

- कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री
- ग्राम धौराभाठा में हुआ आयोजन

### समाज हर क्षेत्र में बढ़ रहा आगे

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि, साहू समाज की विशेषता मेहनत की कमाई और ईमानदारी है। इसी के बल पर आज समाज आगे बढ़ रहा है। आज साहू समाज अपने मेहनत ईमानदारी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साहू कुल के बेटा देश का नेतृत्व कर रहा है। जिसके नेतृत्व में देश मे गांव, गरीब और किसान के विकास के साथ हर क्षेत्र गौरान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है।

## मेयर ने समस्या के निराकरण की बात कही

# महापौर ने काउंटर में बैठकर लोगों को किया फार्म वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुशासन तिहार के तहत बोरसी जोन कार्यालय में पहुँचकर महापौर अलका बाघमार ने खुद काउंटर पर बैठकर लोगो से आवेदन लिए और हितग्रहियो को फार्म भी बांटे। महापौर ने नागरिकों से उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का निराकरण करवाए जाने की बात कही। उन्होंने अन्य समस्याओं के लिए जानकारी लेकर संबंधित विभाग को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किए। सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा माँग की आवेदन पहुच रहे है। महापौर ने लोगों से मिलकर व्यवस्था की जानकारी ली और अधिकारियों को लोगों को आवेदन लिखने में भी सहयोग करने की बात कही। इस दौरान शिविर में एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल,पार्षद सविता साहू,पार्षद गुलशन साहू, पूर्व पार्षद ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, गंगाधर ठाकरे, सोमलता साहू, शिवेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद रहें। वहीं सड़क सीमेंटीकरण और रोशनी की व्यवस्था से जुड़े आवेदन, पाइप लाइन सीवरेज, नाली निर्माण, वृद्धा पेंशन से भी जुड़े आवेदन शिविर में आ रहे हैं। जिसमें शिकायत से अधिक मांग के आवेदन हैं। अब तक कुल 647 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे बोरसी ज़ोन कार्यालय से माँग 182 व शिकायत 3 मिले, चंद्रशेखर स्कूल में माँग के 78 आवेदन और शिकायत के 11 मिले, उरला जोन कार्यालय से 26 माँग के आवेदन तो शिकायत के 23 मिले,महात्मा गांधी स्कूल से माँग के 8 आवेदन और शिकायत के 3 आवेदन मिले। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय से 122 माँग के आवेदन एवं 17 शिकायत के आवेदन मिले इसके अलावा आदित्य नगर जोन कार्यालय से 163 माँग के आवेदन और 11 शिकायत के आवेदन मिले।

# आरआई की नियुक्ति करने जिला पंचायत अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** राजस्व निरीक्षक की नियुक्ति के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होने बताया कि, दुर्ग जिले के अहिवारा तहसील के मुरमुन्दा क्षेत्र में राजस्व निरीक्षक की पिछले 7–8 महिने से नियुक्ति नहीं हुई है। जिससे शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन, सीमांकन कार्य, तहसील से संबंधित विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के कृषकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर तत्काल राजस्व निरीक्षक (आरआई) की नियुक्ति की मांग की। राजस्व निरीक्षक की नियुक्ति से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

## मांग 39829 एवं शिकायत 1094 आवेदन प्राप्त हुए

# सुशासन तिहार: जिले में तीन दिन में इकतालीस हजार मांगों की हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुशासन तिहार के महज तीन में ही जिला प्रशासन के समक्ष 41 हजार से अधिक आवेदन सिर्फ मांगों के सामने आने से अफसरों के पसीने छूट गए है। इस आवेदनों की बहरहाल आनलाइन एंट्री की जा रही है। दूसरे चरण के तहत शिविर के जरिए सामाधान किया जाएगा। जिले में शुभारंभ मंगलवार 8 अप्रैल से किया गया। सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान है। प्रथम चरण 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से समस्या संबंधी आवेदन लिए जाएंगे। द्वितीय चरण में आवेदनों का निराकरण एवं तृतीय चरण 05 से 31 मई 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार को लेकर ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 तक कुल 40923 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 39829 मांगे व 1094 आवेदन शिकायत से संबंधित है। सबसे अधिक जनपद पंचायत पाटन में 20178 आवेदन, जनपद पंचायत दुर्ग में 10208 आवेदन एवं जनपद पंचायत धमधा में 4937 आवेदन प्राप्त हुए है।

### पाटन जनपद में बीस हजार मांगों की अर्जी

जिला कार्यालय में 74 जिसमें 39 मांग एवं 35 शिकायत, जिला पंचायत दुर्ग में 08 जिसमें 08 मांग, नगर पालिक निगम दुर्ग में 1040 जिसमें 912 मांग एवं 128 शिकायत, नगर पालिक निगम भिलाई में 740 जिसमें 543 मांग एवं 197 शिकायत, नगर पालिक निगम रिसाली में 381 जिसमें 320 मांग एवं 61 शिकायत, नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में 295 जिसमें 227 मांग एवं शिकायत 68, नगर पालिक




परिषद अहिवारा में 89 जिसमें 69 मांग एवं 20 शिकायत, नगर पालिक परिषद कुम्हारी में 362 जिसमें 322 मांग एवं 40 शिकायत, नगर पालिक परिषद जामुल में 98 जिसमें 85 मांग एवं 13 शिकायत, नगर पंचायत धमधा में 314 जिसमें 304 मांग एवं 10 शिकायत, नगर पंचायत पाटन में 162 जिसमें 146 मांग एवं 16 शिकायत, नगर पंचायत उतई में 1737 जिसमें 1712 मांग एवं 25 शिकायत, नगर पंचायत अमलेश्वर में 190 जिसमें 154 मांग एवं 36 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार अनुविभागीय कार्यालय दुर्ग में 11 आवेदन प्राप्त हुए जो मांग 01 एवं 11 शिकायत हैं। धमधा में 06 जिसमें मांग 05 एवं 01 शिकायत, पाटन में 3 जिसमें मांग 01 एवं 02 शिकायत हैं। भिलाई 3 में 09 आवेदन प्राप्त हुए जो मांग 8 एवं 1 शिकायत हैं। जनपद पंचायत दुर्ग में 10208 आवेदन जिसमें 10145 मांग एवं 63 शिकायत, धमधा में 4937 जिसमें मांग 4758 एवं 179 शिकायत, पाटन में 20178 आवेदन जिसमें 20008 मांग एवं 170 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए है। तहसील कार्यालय दुर्ग में 33 आवेदन जिसमें 25 मांग एवं 8 शिकायत प्राप्त हुए हैं, तहसील कार्यालय धमधा में 7 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 07 आवेदन मांग प्राप्त हुए है। तहसील कार्यालय पाटन में 8 आवेदन प्राप्त हुए जो 6 मांग एवं 2 शिकायत हैं। तहसील कार्यालय भिलाई 3 में 32 आवेदन जिसमें 23 मांग और 9 शिकायत एवं तहसील कार्यालय अहिवारा में 1 आवेदन प्राप्त हुए है जो 1 मांग आवेदन प्राप्त हुए।

# अभियान के तहत कार्रवाई: 107 प्रकरणों में 51 हजार जुर्माना

**राजनांदगांव।** पुलिस ने इन दिनों यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत 10 अप्रैल को शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में की गई चेकिंग के दौरान 107 प्रकरणों में जुर्माना वसूला गया। एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग कर शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करें तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिसके तहत थाना बसंतपुर, गैंदाटोला, छुरिया, घुमका, डोंगरगढ़, बोरतलाव, ओपी चिखली, चिचोला एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 10 अप्रैल को आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व व्यक्ति की जांच की गई।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह प्रशासन ने रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की प्रशासनिक संयुक्त टीम लगातार कार्यवाही में लगी हुई है इसी क्रम में 10 अप्रैल विकासखण्ड नवागढ़ के एक ग्राम से 16 वर्षीय बालिका के बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं परियोजना अधिकारी जयश्री नामदेव, परियोजना समन्वयक राजेन्द्र चंद्रवंशी व गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही की। टीम ने टेमरी के पास स्थित ग्राम में साहू परिवार की 16 वर्षीय बालिका का विवाह रायपुर निवासी युवक से होने जा रहा था। परिजनों को समझाइश दी गई, जिसके पश्चात उन्होंने बालिका के विवाह को निर्धारित वैधानिक आयु पूर्ण होने तक स्थगित करने की सहमति दी। इस दौरान परिवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया गया कि विवाह की न्यूनतम आयु पूर्ण न होने पर विवाह कराना एक दंडनीय अपराध है। इसके अंतर्गत माता-पिता, रिश्तेदार, बाराती, विवाह आयोजक, और सहयोगी सभी दोषी माने जा सकते हैं तथा उन्हें 2 वर्ष तक की कठोर कारावास या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों दंड मिल सकते हैं।*टीम में विधिक सह परिविक्षा अधिकारी साक्षी बाजपेयी, परामर्शदाता आभाष शर्मा, आउटरिच वर्कर महेश पटेल, स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, कोटवार एवं मितानिन शामिल थे।

### परिजनों को दी गई समझाइश



### विवाह से पूर्व वर-वधु की आयु की पुष्टि करें

प्रशासन महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, या 8319141116, 8269844404 पर दी जा सकती है। बाल विवाह में शामिल बालक/बालिका अपने विवाह को शून्य घोषित कराने का अधिकार रखते है। पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार, सरपंच इत्यादि को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। सभी सेवा प्रदाताओं धर्मगुरु, पुरोहित, बैंड बाजा, हलवाई, टेंट, फोटोग्राफर, प्रिंटिंग प्रेस, डीजे इत्यादि से अनुरोध है कि विवाह से पूर्व वर-वधु की आयु की पुष्टि करें। यदि विवाह कानूनी आयु से कम उम्र में हो रहा हो, तो सेवाएं न दें।

## खबर संक्षेप

### हेल्फ लाइन नंबर जारी करने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके पालक द्वारा स्कूलों की मनमानी के खिलाफ शिकायत के लिए एक हेल्फ लाइन नंबर जारी करने की मांग एमआईसी सदस्य आलोक श्रोती ने की है। जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर श्री श्रोती ने कहा कि निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस वृद्धि, प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों की खरीदी को लेकर दबाव बनाना सहित तय दुकान से ड्रेस खरीदने की लगातार शिकायत आ रही है। इन शिकायत को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने में कई तरह की दिक्कतें आ रही है। ऐसे में पालकहित में एक हेल्प लाइन नंबर जल्द से जल्द जारी करने की मांग उन्होंने की है। उन्होंने यह भी निवेदन किया कि शिकायत करने वाले पालकों का नाम गोपनीय रखा जाए एवं शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

### वक्फ बिल वापस लेने समाज ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** वक्फ बिल संशोधन कानून को मुसलमानों के खिलाफ बताते शहर के गौरीनगर मुस्लिम समाज के लोगों ने आज जिला कार्यालय पहुंचकर इस बिल को वापस लेने की मांग करते ज्ञापन सौंपा है। वक्फ संपत्तियों के बंदरबांट को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल लाया गया है। इस बिल के माध्यम से मुसलमानों के उत्थान की बात कही गई है। वहीं इस वक्फ बिल के खिलाफ इस बिल को मुस्लिमों के हित में नहीं बताते हुए गौरीनगर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध जताते ज्ञापन सौंपा है। गौरीनगर नूरी मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सहित समाज के अन्य लोगों ने कहा कि समाज के लिए दान की गई जमीन सरकार छीन रही है। यह गलत बिल लाया गया है। जबकि दूसरे धर्मों में भी दान की जमीनों पर धार्मिक स्थल बने हुए। इस बिल के खिलाफ समाज के लोगों ने कानूनी लड़ाई लड़ने की बात भी कही है। वहीं बिल वापस नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

**मोहला।** स्थानीय सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जिलेभर के कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष रमेश हिड़मे ने मोदी जी की गारंटी पर प्रकाश डाला। पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू ने योजनाओं की जानकारी साझा किया।

### वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित

**पटेवा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9 वीं का परिणाम 61, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय का 93.54, गणित संकाय का 100, कृषि संकाय का 99, वाणिज्य संकाय का 100, कला संकाय 65 प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं में प्रथम युवराज निर्मलकर, द्वितीय लिकेश्वरी, तृतीय जिया वर्मा, लवली साहू, कक्षा11 वीं विज्ञान संकाय में प्रथम लिशा साहू, द्वितीय प्रेरणा, गणित संकाय में प्रथम हर्ष देवांगन, द्वितीय स्नेहा साहू, कला संकाय में प्रथम आर्यन साहू, द्वितीय रोशनी यादव रही।

## सुशासन तिहार: संबंधित विभाग एक माह के भीतर करेगा निराकरण

# बेमेतरा जिले की समाधान पेटी व ऑनलाइन मिले 53319 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरकार ने प्रदेश में सुशासन की मजबूती देने के उद्देश्य से 'सुशासन तिहार 2025' का आयोजन किया जा रहा है। जिसका पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से आम नागरिकों से शिकायतें, सुझाव और मांगें मंगवाई गई है। जिले के ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, जिला मुख्यालय कार्यालय, तहसील, एसडीएम, जिला पंचायत, जनपत पंचायत आदि स्थलों पर आम जानता की सुविधा के लिए समाधान पेटियां लगायी गई है। जिले में 10 अप्रैल तक समाधान पेटी और ऑनलाइन 53 हजार 319 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 51 हजार 520 आवेदन मांगों से संबंधी है। वहीं 1 हजार 799 शिकायत के आवेदन है। सबसे ज़्यादा आवेदन बेरला विकासखंड से और सबसे कम साजा विकासखंड से रहा है। पहले चरण के अंतिम दिन 11 अप्रैल की जानकारी सामने नहीं आई थी।

सुशासन तिहार के दौरान विकासखण्ड बेमेतरा की बात करें तो यहां की 108 ग्राम पंचायतों में कुल 10 हजार 314 आवेदन समाधान पेटी में मिले। जिसमें 9984 मांग के आवेदन व 330 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। विकासखण्ड बेरला के 100 ग्राम पंचायतों में कुल 20383 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के 20262 आवेदन व 121 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार विकासखण्ड नवागढ़ के 111 ग्राम पंचायतों में 12850 आवेदन आए।



इनमें 12313 मांग के आवेदन व 537 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार विकासखण्ड साजा के 106 ग्राम पंचायतों में कुल 4950 आवेदन मिले। जिसमें से 4789 मांग के आवेदन व 161 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। जिले की सभी 425 ग्राम पंचायतों में कुल 47348 मांग के आवेदन व 1149 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए।

### भिभौंरी पंचायत में 67 मांग व 12 शिकायत के आवेदन मिले

इसी प्रकार नगर पालिका बेमेतरा के कुल 21 वार्ड़ो में 108 मांग के आवेदन व 16 आवेदन के शिकायते प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत दाढ़ी के कुल 15 वार्ड़ो में 280 मांग के आवेदन व 10 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत बेरला के कुल 15 वार्ड़ो में 84 मांग के आवेदन व 24 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत कुसमी के कुल 15 वार्ड़ो 84 मांग के आवेदन व 16 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत भिभौंरी के कुल 15 वार्ड़ो में 67 मांग के आवेदन व 12 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत मारों के कुल 15 वार्ड़ो में 32 मांग के आवेदन व 4 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत नवागढ़ के कुल 15 वार्ड़ो में 232 मांग के आवेदन व 19 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत देवकर के कुल 15 वार्ड़ो में 44 मांग के आवेदन व 4 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत परपोड़ी के कुल 15 वार्ड़ो 95 मांग के आवेदन व 4 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। वहीं नगर पंचायत थानखम्हरिया के कुल 15 वार्ड़ो में 62 मांग के आवेदन व 13 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत साजा के कुल 15 वार्ड़ो में 145 मांग के आवेदन व 30 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार सभी नगरीय निकाय के कुल 1233 मांग के आवेदन व 152 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए।

### बेरला में 16 मांग व शिकायत के 10 आवेदन मिले

इसी प्रकार एसडीएम तहसील कार्यालय अनुभाग बेमेतरा में कुल 71 आवेदन मांग के व 9 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार एसडीएम तहसील कार्यालय अनुभाग बेरला के 16 आवेदन मांग के व 10 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार एसडीएम तहसील कार्यालय अनुभाग नवागढ़ के 41 आवेदन मांग के व 5 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार एसडीएम तहसील कार्यालय अनुभाग साजा के 13 आवेदन मांग के व 2 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। सभी तहसील कार्यालय में कुल 141 आवेदन मांग के व 26 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। जिला कार्यालय बेमेतरा में कुल 101 आवेदन मांग के व 27 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। और कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा में कुल 15 आवेदन मांग के व 3 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार जिला कार्यालय बेमेतरा व कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा में कुल 116 आवेदन मांग के व 30 आवेदन शिकायत प्राप्त हुए। इसी तरह कुल बेमेतरा जिले में 48838 आवेदन मांग के व 1357 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए। ऑनलाइन 3124 आवेदन मिले। जिनमें 2682 आवेदन माँग संबंधी और 442 शिकायत के संबंध में है।

## नपं अध्यक्ष ने जनसमस्याओं और अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सुशासन तिहार - 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष सिद्धार्थ चौहान ने नगर की गंभीर जनसमस्याओं और अ धो सं र च ना त् म क आवश्यकताओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह आवेदन तिहार शिविर के दौरान प्रस्तुत किया गया। जल संकट को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अध्यक्ष ने बताया कि नगर के अनेक वार्डों, विशेषकर वार्ड क्रमांक 04 में, पिछले पांच सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। नागरिकों को पीने का पानी टैंकरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन यह आपूर्ति भी अधूरी और अस्थायी है, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

- नागरिकों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही है समस्याएं : नपं अध्यक्ष

वार्ड क्रमांक 05 में स्थित कचड़ा गोदाम (मणिकंचन केंद्र) और सेप्टिक टैंक को हटाने की भी मांग की गई है। अध्यक्ष चौहान ने बताया कि क्षेत्र में अनियंत्रित रूप से फैले कचरे के कारण लगभग 20 गायों की मृत्यु प्लास्टिक और पॉलीथिन निगलने से हो चुकी है, वहीं डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से अब तक 6 नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने इसे नगर के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य आपात स्थिति बताया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मोहरेंगा नाले की सफाई एवं स्टॉप डैम निर्माण, छोईहा नहर की वर्षों से लंबित सफाई, बस स्टैंड में यात्री प्रतिक्षालय और शौचालय की सुविधा, तथा सब्जी बाजार में आरसीसी सड़क, जल व्यवस्था और सौंदर्यीकरण की भी मांग की। अध्यक्ष सिद्धार्थ चौहान ने कहा कि नगर की समस्याएं अब नागरिकों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही हैं। मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि वे इन मुद्दों पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक निर्देश जारी करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### भरकाटोला स्कूल में बिदाई समारोह

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला भरकाटोला में विदाई समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम शुरु किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान पाठक पूरन लाल साहू थे। अध्यक्षता भीषण चंद्रवंशी ने की। वा विशिष्ठ अतिथि देवीलाल ठाकुर, प्रमोददास सिरदार, मंशाराम चंद्रवंशी, जनक लाल साहू, राजकुमारी साहू थी। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

## एसएसपी ने जिले के छह एएसआई का किया तबादला

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिसिंग मे कसावट व प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ पुलिस महकमे में फेरबदल किया जा रहा है इससे पहले थाने दरों एवं प्रधान तथा आरक्षकों को इधर उधर किया गया । तीसरी सूची जारी करते हुए जिले के 06 सहायक उप निरीक्षक का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है जिसमें सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री चौकी प्रभारी संबलपुर को थाना बेमेतरा, सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह थाना नांदघाट से चौकी प्रभारी संबलपुरी, सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ठाकुर थाना चंदनू से थाना नांदघाट, सहायक उप निरीक्षक टुमन लाल चतुर्वेदी थाना साजा से थाना चंदनू, सहायक उप निरीक्षक पुरूषोत्तम लाल कुलार्य थाना खम्हरिया से थाना बेरला, सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप पटेल थाना बेरला से थाना खम्हरिया का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है जिसमें जिले के 06 सहायक उप निरीक्षक का फेरबदल किया गया है। इस नवीन स्थानांतरण से पुलिसिंग में और कसावट आएगी। सहायक उप निरीक्षक रधुवीर सिंह को पुलिस चौकी संबलपुर के नए प्रभारी बनाया गया हैं।

- रधुवीर सिंह बनाये गये पुलिस चौकी संबलपुर के नए प्रभारी
- नवीन स्थानांतरण से आयेगी पुलिसिंग में और कसावट

## वाहन चालक के परिजन पहुंचे थाना, व्यापारी के खिलाफ मारपीट करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शहर के आलू-प्याज के थोक व्यापारी आवतराम-अशोक कुमार फर्म के सामने मिनीडोर माल वाहक खड़ी करने को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया था। व्यापारियों ने वाहन चालक पर मारपीट करने का आरोप लगाया। वही आज वाहन चालक लीलाधर साहू के परिजनों ने कोतवाली थाना पहुंचकर व्यापारी द्वारा गाली-गलौज कर पहले मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। दुकान के सामने माल वाहन खड़ी करने से मना करने पर व्यापारी करण तेजवानी पर हमले का आरोप लगाते चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आरोपी ड्राईवर और उसके साथियों पर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आज वाहन चालक के परिजनों ने थाना पहुंचकर व्यापारी के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करने मांग की है। शहर के नंदई निवासी मालवाहक चालक लीलाधर साहू के पिता मनोज कुमार साहू ने कहा कि उनका पुत्र गुरुवार को आलू-प्याज दुकान के बगल में ही शिव-शंकर के यहां माल खाली करने गया था। वाहन में दो-तीन बैग खाली करना बचा था, तभी करण तेजवानी ने गाड़ी हटाने को लेकर उनके पुत्र के साथ गाली-गलौज की और गाली-गलौज का विरोध करने पर उसने उनके पुत्र पर डंडे से वार करते मारपीट शुरू कर दिया। इसके बाद उनके पुत्र ने भी अपना बचाव किया और दोनों के बीच मारपीट हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर दोनों दोषी है तो दोनों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस एक पक्ष पर ही कार्रवाई कर रही है। आरोपी युवक लीलाधर साहू के परिजनों ने पुलिस के कहने पर कोतवाली थाना में लीलाधर साहू को सरेंडर करवाया है। वहीं उन्होंने इस मामले में व्यापारी के खिलाफ भी एफआईआर लिखानी चाही, लेकिन उनका कहना है कि पुलिस ने उनकी एफआईआर नहीं लिखी है।



गिरफ्तारी की मांगः आरोपी वाहन चालक के पिता मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह से थाना बुलाकर उनके पुत्र को गिरफ्तार किया गया है, उसी तरह से मारपीट करने वाले व्यापारी को भी पुलिस गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए है, जो गलत करेगा उसे सजा मिलनी चाहिए।

### घायल युवक अस्पताल में भर्ती

वाहन चालक लीलाधर साहू के पिता मनोज कुमार साहू ने कहा कि इस मामले में व्यापारी द्वारा पहले मारपीट किया गया है। जिसमें उनके पुत्र को हाथ-पैर में चोंट लगी है। वहीं उनके पुत्र के साथ मौजूद उसके दोस्त ऋषभ मेश्राम को काफी चोंट आई है, जो अभी आईसीयू में भर्ती है। कोतवाली थाना पहुंचे लीलाधर के परिजनों ने कहा कि व्यापारियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज अधूरा दिखाया जा रहा है। जबकि उससे पहले व्यापारी द्वारा अपने हमालों को बुलाकर मारपीट की गई, वह सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाया जा रहा है।

## विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था उद्देश्य

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया आईआईटी भिलाई का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 11वीं और 12वीं के गणित संकाय के 53 विद्यार्थियों और दो शिक्षकों के दल ने हाल ही में प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और उनमें नवाचार, तकनीकी ज्ञान एवं अनुसंधान के प्रति रुचि उत्पन्न करना था। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आई आई टी भिलाई परिसर का भ्रमण किया और विभिन्न तकनीकी विभागों, प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान सुविधाओं को नजदीक से देखा। उन्हें वहां के विशेषज्ञों और विद्यार्थियों से संवाद करने का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने अध्ययन की प्रक्रिया, विभिन्न पाठ्यक्रमों, शोध परियोजनाओं तथा करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त की।




छात्र-छात्राओं ने आईआईटी के विद्यार्थियों एवं कैम्पस के वातावरण को नजदीक से अनुभव किया व देखा और वहाँ के विद्यार्थियों व प्रोफेसरों से बातचीत कर अनेक प्रेरणादायक व उनके अनुभवों से बातें सीखीं। यह अनुभव उनके शैक्षणिक और करियर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। आईआईटी भिलाई के छात्र-छात्राओं ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए यह साझा किया कि उन्होंने कैसे कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से आई आई टी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाया। इस संवाद से स्कूल के विद्यार्थियों को न केवल प्रेरणा मिली बल्कि उन्हें तैयारी की सही दिशा भी प्राप्त हुई। आईआईटी पहुंचने पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित और इंजीनियरिंग के विविध विषयों पर जानकारी दी गई और उन्हें अपने प्रश्न पूछने का अवसर भी मिला। यह सेमिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। भ्रमण के दौरान एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के विद्यार्थियों ने संस्थान के निदेशक को सम्मानस्वरूप एक मोमेंटो भेंट किया गया, जो दोनों संस्थानों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का प्रतीक रहा। इस अवसर पर शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग को और भी सशक्त बनाने हेतु, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल द्वारा आई आई टी भिलाई के डॉ॰ अनिल कुमार साओ को विद्यालय भ्रमण हेतु औपचारिक रूप से आमंत्रित भी किया गया।

**आईआईटी भ्रमण से छात्रों का दृष्टिकोण होगा व्यापक** : इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री राकेश कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ना भी है संस्थानों का भ्रमण छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने हेतु प्रेरित करता है। हम आगे भी ऐसे प्रेरणादायक शैक्षणिक यात्राओं का आयोजन करते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि हमारे विद्यार्थियों का आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में जाकर अनुभव प्राप्त करना अत्यंत गौरवपूर्ण है। यह न केवल उनके शैक्षणिक विकास में सहायक होगा, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने और नए सपने देखने की प्रेरणा भी देगा। मैं सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूँ और आशा करती हूँ कि वे इस अनुभव को अपने जीवन में सकारात्मक रूप से उपयोग करेंगे।

